## न्यूज डायरी



### अपने सबसे विनाशकारी आर्थिक संकट से जूझ रहा श्रीलंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। अस्पतालों में कैंसर, हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोग अस्पताल में भर्ती हैं, लेकिन डॉक्टर्स उनकी चाहकर भी सर्जरी नहीं कर पा रहे हैं। रसाई गैस की दुकानों के बाहर लंबी–लंबी कतारें लगी हैं। खेती के लिए उर्वरक का आयात नहीं हुआ है। हजारों लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। श्रीलंका में दृश्य आम हैं। आर्थिक संकट के कारण श्रीलंका में ऐसे हालात बन रहे हैं, जिनका निकट भविष्य में भयावह रूप देखने को मिल सकता है। सरकार के पास विदेशी मुद्रा नहीं है, इसलिए देश में आयात होने वाली चीजों की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। खाने की चीजों से लेकर दवाइयों तक की कमी पूरे देश में देखने को मिल रही है। डॉक्टर्स का कहना है कि अगर जल्द ही हालात नहीं सुधरे तो, दवा की भारी किल्लत कुछ लोगों के लिए मौत की सजा साबित होगी। बता दें कि श्रीलंका अपनी चिकित्सा आपूर्ति का 80 फीसद से अधिक आयात करता है।

### पाकिस्तान में गृहयुद्ध कराना चाहते हैं इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने तमाम अटकलों को खारिज करते हुए शहबाज शरीफ को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए 25 मई से लॉन्ग मार्च का ऐलान कर दिया। इमरान खान ने राजधानी इस्लामाबाद को घेरने के लिए न केवल आम जनता से बल्कि सैनिकों के परिवारों से भी सड़क पर आने का आह्वान किया है। इमरान खान के इस ऐलान के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चेतावनी दी है और कहा है कि अगर पीटीआई नेता ने देश में गृहयुद्ध भड़काने की कोशिश की तो पाकिस्तान उन्हें माफ नहीं करेगा। शहबाज शरीफ ने पूर्ववर्ती इमरान खान सरकार की कड़ी आलोचना की और कहा कि देश के विकास पर काम करने की बजाय पीटीआई नेता अपने पूरे कार्यकाल के दौरान राजनीतिक प्रतिशोध में व्यस्त रहे। शरीफ ने कहा कि इमरान का एकमात्र फोकस अपने विरोधियों को घेरने की ओर था।

### जंगल के राजा से मजाक पड़ गया भारी, उंगलियां चबा गया शेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** किंग्स्टन। शेर के करीब रहने वाले कई लोग दोस्ताना स्वभाव बना लेते हैं और उनके साथ खेलते हैं। लेकिन कई बार ये खेल जानलेवा हो सकता है। जमैका के चिड़ियाघर से इसी तरह का एक वीडियो सामने आया है। यहां चिड़ियाघर की देखभाल करने वाला एक व्यक्ति पिंजरे में बंद शेर के सिर पर बार–बार मार रहा था। लोग खड़े होकर जंगल के राजा का मजाक बनता देख रहे थे। तभी शेर को गुस्सा आ गया और उसने सिर पर मार रहे व्यक्ति की उंगलियों को अपने मुंह में दबा लिया और काट लिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है जो बेहद डराने वाला है। शख्स ने शेर की दहाड़ को नजरअंदाज किया, लेकिन जब उसने उसकी उंगलियों को मुंह में दबा लिया तो वह चिल्लाने लगे। इस घटना को देख वहां खड़े लोगों की रूह कांप गई। चिड़ियाघर का संचालक लगातार जाल से अपनी उंगली बाहर निकालने की कोशिश कर रहा था। वहीं, शेर भी अपनी पकड़ छोड़ने को तैयार नहीं था।

### भारत ने श्रीलंका को दिए 200 करोड़ के चावल, दूध और दवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के लोगों के लिए चावल, जीवन रक्षक दवाइयों, दूध पाउडर जैसी जरूरी राहत आपूर्ति लेकर एक भारतीय जहाज रविवार को कोलंबो पहुंचा और इस खेप को वहां की सरकार को सौंप दिया गया। भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने यह खेप श्रीलंका के विदेश मंत्री जी एल पीरीज को सौंपी। इसमें 9000 मीट्रिक टन चावल, 50 मीट्रिक टन दूध पाउडर और 25 मीट्रिक टन से अधिक दवाइयां एवं अन्य चिकित्सा आपूर्ति शामिल हैं। प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने ट्वीट किया, ''श्रीलंका ने आज भारत से दूध पाउडर, चावल एवं दवाइयों के रूप में दो अरब रुपये की मानवीय सहायता प्राप्त की। इस सहायता के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन एवं भारत के लोगों के प्रति हमारा हार्दिक आभार।

# चीन ने ताइवान पर हमला किया तो अमेरिकी सेना देगी जवाब

क्वाड

## जापान पहुंचे बाइडन ने अमेरिकी विदेश नीति में बड़े बदलाव का इशारा किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

टोक्यो। यूक्रेन युद्ध के बीच ताइवान को डराने में जुटे चीनी ड्रैगन को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पहली बार खुली चेतावनी दी है। क्वाड बैठक में हिस्सा लेने जापान पहुंचे बाइडन ने अमेरिकी विदेश नीति में बड़ा बदलाव करते हुए कहा कि अगर चीन की ओर से ताइवान पर हमला किया जाता है तो अमेरिका हस्तक्षेप करेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या आपका इशारा सेना की ओर है तो इस बाइडन ने कहा हां। चीन के ताइवान पर हमले के बारे में बाइडन ने कहा, मेरा आकलन कहता है कि यह नहीं होगा, इसका प्रयास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता है तो अमेरिका सैनिक मदद के जरिए ताइवान की रक्षा करेगा। बाइडन ने कहा, यह प्रतिबद्धता जिसे हमने किया है। बाइडन क्वाड देशों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए जापान पहुंचे हैं। यहां पीएम मोदी, जापान और ऑस्ट्रेलिया के पीएम के साथ चीन की घेरेबंदी के लिए वह बैठक करेंगे।





**ताइवान के समर्थन में दिया गया सबसे जोरदार अमेरिकी बयानः** विशेषज्ञों का कहना है कि यह अमेरिका की ओर से पिछले कई दशक में ताइवान के समर्थन में दिया गया सबसे जोरदार बयान है। बाइडन ने कहा कि रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद ताइवान की रक्षा की जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गई है। चीन ताइवान पर कब्जे के लिए ताकत का इस्तेमाल करेगा, यह पूछे जाने पर बाइडन ने कहा कि यह पूरे इलाके को अव्यवस्थित कर देगा। यह कुछ उसी तरह से होगा जैसे यूक्रेन में हुआ है। एक चीन नीति के तहत अमेरिका बीजिंग में मौजूद शी जिनपिंग की सरकार को चीन की सरकार मानता है। अमेरिका का ताइवान के साथ राजनयिक संबंध नहीं है। हालांकि अमेरिका ताइवान के साथ अनाधिकारिक संपर्क रखता है। इसमें ताइवान में दूतावास भी शामिल है। ताइवान रिलेशन एक्ट के मुताबिक अमेरिका ताइवान की रक्षा करने के लिए बाध्य है। यही वजह है कि अमेरिका ताइवान को हथियारों की आपूर्ति करता है।

**हिंद–प्रशांत व्यापार समझौते की शुरुआत करेंगे बाइडनः** बाइडन सोमवार को नए हिंद–प्रशांत व्यापार समझौते की शुरुआत भी करेंगे, जिसे क्षेत्र के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता का संकेत देने और महामारी एवं यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण व्यापार में स्थिरता की आवश्यकता को संबोधित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय वाइट हाउस ने कहा है कि नया हिंद–प्रशांत व्यापार समझौता आपूर्ति श्रृंखला, डिजिटल व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा, कर्मचारी सुरक्षा और भ्रष्टाचार निरोधी प्रयासों सहित विभिन्न मुद्दों पर अमेरिका और एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की अधिक निकटता से काम करने में मदद करेगा।

## सऊदी अरब ने भारतीयों की यात्रा पर लगाया बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। सऊदी अरब ने लाखों भारतीयों को बड़ा झटका दिया है। सऊदी अरब ने भारत समेत 16 देशों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए अपने नागरिकों की यात्रा पर बैन लगा दिया है। सऊदी अरब के द जनरल डायरक्टोरेट ऑफ पासपोर्ट ने शनिवार को जारी अपने आदेश यह यात्रा बैन लगाया है। इन देशों में भारत के अलावा ईरान, तुर्की, यमन, वियतनाम, कांगो, इथियोपिया, वेनेजुएला आदि देश शामिल हैं। सऊदी गजट ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सऊदी प्रशासन ने अपने आदेश में इस बात पर जोर दिया है कि ऐसे सऊदी लोग जो गैर अरब देशों की यात्रा करना चाहते हैं, उनके पासपोर्ट की वैधता 6 महीने से ज्यादा होनी चाहिए।

बयान में कहा गया है कि अरब देशों के अंदर यात्रा कर रहे लोगों के पासपोर्ट की वैधता 3 महीने से ज्यादा होनी चाहिए। ऐसे सऊदी नागरिक जो खाड़ी सहयोग परिषद के अन्य देशों की यात्रा करना चाहते हैं, उनके राष्ट्रीय आईडी कार्ड की वैधता 3 महीने से ज्यादा होना चाहिए। इस बीच सऊदी अरब के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जनता को भरोसा दिया है कि देश में अभी तक मंकीपॉक्स का कोई भी मामला सामने नहीं आया है।



### मां को फोन खुला छोड़ना पड़ा भारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के टेक्सास राज्य में रहने वाला एक दो साल का बच्चा दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया है। इस बच्चे ने मां के फोन को खुला छोड़ देने के बाद मैकडॉनल्ड से 31 चीजबर्गर का ऑर्डर दे दिया। बताया जा रहा है कि दुर्घटनावश बच्चे ने डूरडैश वेबसाइट की मदद से इन चीजबर्गर का ऑर्डर दिया। इस बच्चे की मां केल्सी गोल्डेन एक स्कूल के लिए मीडिया मार्केटिंग का काम करती हैं और घटना के लिए समय कंप्यूटर पर स्कूल का काम निपटा रही थीं। केल्सी ने बताया कि वह अपने फोन से तस्वीरों को कंप्यूटर में ट्रांसफर कर रही थीं। इसी दौरान उनका दो साल का मासूम बच्चा उनसे फोन को छीनने लगा।

## चीन से निपटने के लिए पीएम मोदी छोड़ देंगे नेहरू की नीति?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

टोक्यो। यूक्रेन में चल रहे रूस के भीषण हमले, लद्दाख में पीएलए की जंगी तैयारी और ताइवान पर मंडराते चीनी आक्रमण के खतरे के बीच क्वाड देशों के शीर्ष नेता जापान की राजधानी टोक्यो में मिल रहे हैं। अपनी सीमा के बेहद करीब हो रहे इस शिखर सम्मेलन पर ड्रैगन बुरी तरह से भड़क गया है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि क्वाड कभी भी एशियाई नाटो नहीं बन सकता है। चीनी विदेश मंत्री भले ही क्वाड को खारिज कर रहे हैं लेकिन हकीकत यह है कि क्वाड धीरे–धीरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में ड्रैगन पर नकेल कसने का सबसे बड़ा मोर्चा बनकर उभरा है। अब इसी मोर्चे का इस्तेमाल पीएम मोदी मोदी ड्रैगन पर नकेल कसने के लिए जा रहे हैं जो अक्सर भारत को जंग की धमकी देता रहता है।

**क्वाड कभी भी एशियाई नाटो नहीं बन सकता है**

विशेषज्ञों के मुताबिक चीनी ड्रैगन पर लगाम लगाने के लिए बनाए गए क्वाड में दक्षिण कोरिया भी शामिल होने का इच्छुक है जो अब तक बीजिंग के खिलाफ खुलकर आने से हिचक रहा था। इसके अलावा अन्य देश भी चीन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए क्वाड को एक वास्तविकता के रूप में देख रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि यह संगठन हिंद प्रशांत क्षेत्र में नेतृत्व वाली भूमिका निभाएगा। अमेरिका में बाइडन सरकार के आने के बाद भी क्वाड की लगातार हो रही बैठकों से साफ हो गया है कि यह एशियाई नाटो अब लगातार मजबूत हो रहा है। हालांकि चीन के रणनीतिकारों का दावा है कि क्वाड का ढांचा बहुत कमजोर है और भारत–अमेरिका संबंध लंबे समय तक संदेह के घेरे में रहेगा। उनका यह भी कहना है कि भारत हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए बनाए गए क्वाड की सबसे कमजोर कड़ी है। ऐसे में भारत और तीन अन्य देशों के दर्जे में अंतर है। भारत अन्य तीन देशों से उलट अपनी अर्थव्यवस्था को खोलने से बचता है जो क्वाड के लिए लंबी अवधि में बाधा बनेगा।

### लंदन से राहुल ने अचानक सोनिया को मिलाया फोन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ब्रिटेन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पार्टी सुप्रीमो सोनिया गांधी से बात कराई है। फोन पर हुई बातचीत में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से सबसे पुराने दल को सत्ता में वापस लाने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। लंदन की यात्रा कर रहे राहुल गांधी ने इंडिया ओवरसीज कांग्रेस ब्रिटेन के सदस्यों के साथ मुलाकात के दौरान पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी को अचानक से फोन मिला दिया। तब सोनिया गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। राहुल गांधी ने आइओसी ब्रिटेन टीम के सदस्यों से पार्टी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने और उनके विचार सुनने के लिए शनिवार को उनके साथ बैठक की। आइओसी ब्रिटेन के प्रमुख कमल धालीवाल और टीम के अन्य सदस्यों ने बैठक में राहुल से पार्टी का अध्यक्ष बनने का आग्रह किया, ताकि उनके नेतृत्व में कांग्रेस सत्ता में आ सके।